FRHS INDIA
Children by choice, not chance

मैरी स्टोप्स क्लिनिक
हेल्थकेयर सेवाओं को किफायती बनाना

मैरी स्टोप्स इंटरनेशनल (एमएसआई) से संबंधित, फाउंडेशन फॉर रिप्रोडक्टिव हेल्थ सर्विसेस इंडिया (एफआरएचएस इंडिया), सूदूर इलाकों में आधुनिक परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराता है। अपने मिशन के तहत, एफआरएचएस इंडिया मैरी स्टोप्स क्लिनिक के ज़रिये सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों को किफायती दरों पर परिवार नियोजन संबंधित सेवाएं प्रदान कर रहा है। हमारे क्लिनिक शहरों में हैं और शहर और आस–पास के गांवों में रह रहे क्लाइंट की जरूरतों को पूरा करते हैं। क्योंकि इन क्लिनिक को निजी प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की योजना के तहत स्वीकृति दी गई है, इसलिए परिवार नियोजन संबंधी सभी सेवाएं (इंजेक्टेबल के अलावा) मुफ्त हैं। गर्भपात कराने वाले क्लाइंट से मामूली फीस ली जाती है।

हमारे क्लिनिक क्लाइंट–केंद्रित माहौल में काम करते हैं और इनका प्रबंधन बेहद कुशल, अनुभवी और योग्य चिकित्सकों और हेल्थकेयर पेशेवरों द्वारा किया जाता है। हमारे छह क्लिनिक – अजमेर, बांसवाड़ा, जयपुर, बरेली, गया, और सहरसा में हैं।

पृष्ठभूमि

कई कारणों से शहर में रह रहे गरीब अक्सर परिवार नियोजन और सुरक्षित गर्भपात की सेवाओं का लाभ नहीं उठा पाते। निजी अस्पतालों में जाना अक्सर बहुत महंगा पड़ता है। एफआरएचएस इंडिया के क्लिनिक क्लाइंट–केंद्रित और उच्च गुणवत्ता वाली किफायती सेवाएं प्रदान कर इस कमी को दूर करते हैं।

हमारे क्लिनिक कैसे काम करते हैं ?

हमारे अन्य सर्विस डिलीवरी चैनल के जैसे ही, टीम लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों जैसे आशा, एएनएम और स्थानीय हेल्थकेयर प्रदाताओं के संपर्क में रहती है जो एफआरएचएस इंडिया के क्लिनिक में सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जागरुकता पैदा करते हैं। स्थानीय सरकारी और प्राइवेट चिकित्सक भी क्लाइंट को हमारे क्लिनिक में भेजते हैं, विशेष रूप से सुरक्षित गर्भपात और उसके बाद की जाने वाली देखभाल के संबंध में। आमतौर पर इन क्लिनिक को क्लाइंट के घरों के आस–पास या ऐसे स्थान पर बनाया गया है जहाँ सार्वजनिक परिवहन द्वारा आसानी से पहुँचा जा सके।

क्लिनिक में दी जाने वाली सेवाएं

एफआरएचएस इंडिया के क्लिनिक परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवा संबंधी सभी सुविधाएं प्रदान करते हैं, जिनमें शामिल हैं:

- महिला नसबंदी– लैप्रोस्कोपिक या मिनी लैप
- पुरुष नसबंदी (नॉन स्काल्पल वसेक्टॉमी)
- कॉपर टी
- आपातकालीन गर्भनिरोधक
- इंजेक्टेबल (डीएमपीए)
- गर्भनिरोधक गोलियां
- कंडोम
- पहली तिमाही में गर्भपात–दवाईयों द्वारा और सर्जिकल (वेक्यूम ऐस्परेशन) गर्भपात

हमारी पहुँच

6 क्लिनिक सेवाएं प्रदान कर रही हैं

6 जिले कवर किए जा रहे हैं

3 राज्यों में सेवाएं प्रदान की जा रही हैं

क्लाइंट को उपलब्ध कराई गई सेवाएं

वर्ष 2019 में, हमारे क्लिनिक नेटवर्क ने:

2,634 महिलाओं को नसबंदी सेवा प्रदान की

824 महिलाओं को सुरक्षित गर्भपात सेवा प्रदान की

688 महिलाओं को कॉपर टी सेवा प्रदान की

110 महिलाओं को इंजेक्टेबल की सेवा प्रदान की

97 पुरुषों को नसबंदी सेवा प्रदान की

39,568 कपल इयर्स ऑफ प्रोटेक्शन

सेवाओं की गुणवत्ता

क्लाइंट की सुविधा, सुरक्षा और संतुष्टि

- क्लिनिकल गवर्नेंस
- तकनीकी क्षमता
- व्यावसायिक मानकों का पालन

01 भारत सरकार और मैरी स्टोप्स इंटरनेशनल क्लिनिकल मानकों के अनुसार सक्षम प्रदाताओं द्वारा सेवाएं प्रदान की जाती हैं

02 मैरी स्टोप्स इंटरनेशनल द्वारा वार्षिक गुणवत्ता तकनीकी मूल्यांकन किया जाता है

03 इन्फेक्शन प्रिवेंशन, इमरजेन्सी मैनेज़मेंट और परामर्श जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नियमित रूप से रिफ्रेशर ट्रेनिंग और सहायक पर्यवेक्षण दिया जाता है

04 टेलीफोन के माध्यम से सेवा प्रदान करने के 24–36 घंटों के भीतर क्लाइंट के हाल की समीक्षा की जाती है और उनकी संतुष्टि का स्तर पता करने के लिए वार्षिक क्लाइंट एग्ज़िट सर्वे कराए जाते हैं

05 टीम के सभी सदस्यों का वार्षिक योग्यता आकलन होता है

06 राष्ट्रीय और राजकीय चिकित्सा सलाहकार टीमें, गुणवत्ता मानकों की समीक्षा करती हैं, ट्रेनिंग आयोजित करती हैं और हादसा प्रबंधन पर नज़र रखती हैं

संपूर्ण देखभाल और सूचना

एफआरएचएस इंडिया के क्लिनिक सुनिश्चित करते हैं कि क्लाइंट को सर्वोत्तम सुविधाएं मिलें, बिना किसी भेदभाव उनका ध्यान रखा जाए और उन्हें किसी भी प्रकार का तनाव न हो। रिमझिम, एक हंसमुख महिला और तीन बच्चों की माँ, अजमेर क्लिनिक पर नसबंदी कराने आई थी क्योंकि उसे मालूम था कि उसका परिवार अब पूरा हो चुका है। जब हमारे काउंसलर ने उन्हें परिवार नियोजन के अलग–अलग तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तब उसने अपने प्रजनन संबंधी अधिकारों का प्रयोग किया और कहा, "दीदी हमें देखो, कितनी कमज़ोर हुँ, मुझे बस तीन बच्चे ही पालने हैं...मुझे और बच्चे नहीं चाहिए,"। रिमझिम को उसके प्रजनन लक्ष्यों और अधिकारों को निर्धारित करने का हक मिला था लेकिन ऐसी अनेक महिलाएं हैं जो अपनी यौन और प्रजनन स्वास्थ्य अधिकारों का प्रयोग करने में समर्थ नहीं हैं। एफआरएचएस इंडिया जैसे संगठन ऐसी महिलाओं और उनके परिवार को जागरुक बनाते हैं और परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के साथ ही इलाके के आखिरी घर तक पहुँचते हैं ताकि परिवार नियोजन सेवाओं तक महिलाओं की पहुँच को आसान और सुरक्षित बनाया जा सके।

अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें: info@frhsi.org.in
मुख्यालय: बी–37, गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली – 110049, फोन: +91 11 49840000, वेबसाइट: http://www.frhsi.org.in/
हमें फेसबुक पर फॉलो करें: @FoundationforReproHealthServicesIndia, @PratigyaRights